LALITPUR POLICE

प्रेस नोट

दिनांक- 14.11.2023

"यातायात माह नवम्बर 2023" के तहत यातायात नियमों का पालन न करने वाले 108 वाहन चालकों का चालान कर 115800/- ऑनलाइन किया गया जुर्माना

पुलिस अधीक्षक ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक महोदय के निर्देशन में "यातायात माह-नवम्बर 2023" के तहत यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों/स्वामियों का एम0वी0एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 108 वाहनों का ई-चालान कर 115800/- रूपये का ऑनलाइन जुर्माना किया गया।

आज दिनांक 14-11-2023 को यातायात माह नवम्बर-2023 के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक ललितपुर के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात के निर्देशन में प्रभारी यातायात श्री अभिनेन्द्र सिंह चौहान द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ हेल्मेट, सीट-बेल्ट के बारे में शहर क्षेत्र के प्रमुख चैराहों, स्थानों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर आम-जनमानस को यातायात स्लोगन से छपे पम्पलेट, स्टीकर वितरित कर जागरूक किया गया तथा शहर क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों/स्वामियों का एम0वी0एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जुर्माना किया गया।